राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

अपील संख्या : विविध प्रार्थना पत्र 28/15 जिला : जयपुर

उनवान : मैं. राम बर्तन भंडार बनाम वा.क.अ.

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
	श्री सुनील शर्मा, सदस्य	
23.04.2015	पत्रावली का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि इस विविध प्रार्थना पत्र से संबंधित अपील संख्या 383/12 जयपुर कर बोर्ड के समक्ष सुनवायी हेतु लंबित है। अपील संख्या 383/12 जयपुर के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि उक्त अपील में दिनांक 4.05.2012 को स्थगन आदेश पारित किया गया था, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 18.10.2012 निश्चित कि गई थी, किन्तु प्रार्थी के निवेदन पर उक्त अपील में तारीख तब्दील की जाती रही। दिनांक 1.04.2015 को भी अपीलार्थी की ओर से तारीख तब्दील का निवेदन किये जाने पर सुनवाई दिनांक 2.09.2015 निश्चित कि गई। दिनांक 18.10.2012 से 1.04.2015 तक की अवधि मे स्थगन बढाने का निवेदन नही किया गया चूंकि विविध प्रार्थना पत्र से संबंधित अपील में स्थगन पूर्व में दिया जा चुका है। अतः 4.05.2012 को दिये गये स्थगन कि शर्तों पर ही दिनांक 2.09.2015 तक स्थगन बढाया जाता है।	
	उपरोक्त अनुसार विविध प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया जाता है। आदेश की मूल प्रति अपील 383/12/जयपुर के साथ संलग्न की जाये।	
	सदस्य राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर	